# ब्लाइंड मर्डर की वारदात का आरोपी नखतु ओड गिरफ्तार

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशन में जिला पुलिस ने त्वरित और बड़ी कार्यवाही की। ब्लाइण्ड मर्डर की वारदात का खुलासा किया पुलिस थाना सदर द्वारा ब्लाइण्ड मर्डर की वारदात का त्वरित खुलासा कर मुल्जिम को गिरफ्तार किया गया।

मंगलवार को प्रार्थी जगमालसिह राजपूत बडौडागांव ने पुलिस थाना सदर जैसलमेर पर रिपोर्ट पेश की कि उसका भाई उगमसिह खेत में बनी ढाणी में रहता है ढाणी के पास मे भूराबाबा का मन्दिर है। जहा पर रविवार की रात्रि में उसके भाई की निर्मम तरीके से अज्ञात लोगो द्वारा हत्या कर दी गई है।

उसके शरीर पर व सिर पर कई चोटो के निशान है तथा एक कान भी कटा हुआ है व जगह-जगह पर खून भी बिखरा हुआ है।



जैसलमेर में पुलिस थाना सदर ने ब्लाइंड मर्डर के आरोपी को पकड़ा। फोटो-राष्ट्रदूत

उसके भाई की मोटरसाईकिल व मोबाईल भी वहाँ से गायब हैं। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस द्वारा अनुसंधान शुरू किया गया।

प्रकरण की वारदात की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण का त्वरित खुलासा कर गुत्थी सुलझाने के लिए रूपसिंह ईंदा वृताधिकारी वृत जैसलमेर, बगडूराम थानाधिकारी पुलिस थाना सदर , प्रेमदान थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली , भीमरावसिंह प्रभारी डीएसटी को पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिए गए। निर्देशों की पालना में रूपसिंह के नेतृत्व में अलग अलग पुलिस टीमों का गठन कर पुलिस टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही कर सीसीटीवी फूटेज, तकनिकी सूचना संकलन कर लगातार प्रयास कर प्रकरण की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान कर मुल्जिम नखतु पुत्र हेमाराम जाति ओड उम्र 22 साल निवासी पोहडा पुलिस थाना सदर जैसलमेर को दस्तयाब कर बाद पूछताछ गिरफतार किया गया।

प्रकरण में मुल्जिम का किसने सहयोग किया हैं उसके संबंध में मुल्जिम से विस्तृत पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

## माघ महोत्सव में होंगे कई कार्यक्रम

**भीनमाल**, (निसं)। महाकवि माघ महोत्सव की पूर्व तैयारी हेतु स्थानीय महेश्वर महादेव मंदिर में संस्था एवं नगर के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 11 व 12 फरवरी मंगलवार एवं बुधवार को दो दिवसीय समारोह के आयोजन पर चर्चा की गई।

इस राज्य स्तरीय महोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने के लिए सभी ने अपनी सहमति जताई। समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए समाजसेवी एवं हिंदू सेवा समिति के संयोजक जबरा राम भाटी को महोत्सव 2025 का समन्वयक नियुक्त किया गया। वही कार्यक्रम के निमित्त पूर्व तैयारी की रूपरेखा तय कर प्रभारी नियुक्त किए गए।महाकवि माघ विकास संस्थान के डॉ. घनश्याम व्यास ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में योग प्रदर्शन, माघ पूजन, नगर परिक्रमा, भव्य सांस्कृतिक एवं कवि सम्मेलन सहित माघ पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर भव्य श्रीमाल पूजन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में दिनेश दवे नवीन, मोहनसिंह सिसोदिया, डॉ किशोर माली, नेमलाल, जे आर भाटी, मनीष दवे, दिनेश वत्सल, पीयूष वैष्णव, मीठालाल वैष्णव, घेवरचंद घांची, गोपालचंद्र जीनगर सहित कई कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# विशनाराम मेघवाल हत्या मामले में हर्षदान गिरफ्तार

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा पुलिस ने गुरुवार को हत्या के मामले में पिछले 2 माह से फरार व जिला के टॉप दस में वांछित आरोपी को गिरपतार किया।

पुलिस ने बताया कि बालोतरा में विशनाराम मेघवाल की चाकू से वार कर हत्या करने की सनसनीखेज वारदात के बाद प्रकरण में फरार हिस्ट्रीशीटर हर्षदान चारण को लेकर सर्व समाज में भारी आक्रोश था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए हत्या के प्रकरण में फरार 25 हजार का ईनामी हिस्ट्रीशीटर हर्षदान चारण को गुजरात से दस्तयाब करने में बडी सफलता प्राप्त की।

ज्ञात रहे कि गजाराम पुत्र सांवलाराम जाति मेगवाल निवासी असाडा पुलिस थाना जसोन ने रिपोर्ट पेशकर10 दिसम्बर 2024 को दोपहर में उसका भाई विशनाराम नेहरू कॉलोनी में टेंट का कार्य कर रहा था, तभी वहां पर हर्षदान पुत्र चन्द्रदान जाति चारण आया व मेरे भाई को कहा की तुमने मोहल्ले में गेट लगाकर रास्ता को बन्द कैसे कर दिया व मेरे भाई से गली में टेन्ट लगाने का हफ्ता मागने लगा तब मेरे भाई ने उसे मना किया तो वह नाराज होकर उसके भाई विशनाराम के साथ गालीगलौच करने लगा। उसके भाई को ढेड नीच की गालिया बोलते हुए चाकु निकाल कर पेट व सीने पर वार किया जिससे उसकेभाई के चाकु लगने से तेज गति से खुन गिरने लगा। जिसको अस्पताल लेकर गये, जिसकी दौराने ईलाज चाकु की गंभीर चोटे होने से मृत्यु हो गई।

पुलिस ने बताया कि सनसनी खेज वारदात के बाद आरोपी हिस्ट्रीशीटर हर्षदान चारण फरार हो गया था। जिसको लेकर आमजन में भारी रोष व्याप्त था एवं आमजन द्वारा फरार आरोपी की दस्तयाबी को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। उक्त वारदात की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग कुल 12 पुलिस टीमों का गठन किया जाकर संभावित स्थानों पर सघन तलाशी एवं सर्च ऑपरेशन चलाया गया। फरार आरोपी के संपर्क के संदिग्धान से पूछताछ की गई। पुलिस टीमों द्वारा फरार आरोपी की तलाश राजस्थान के विभिन्न स्थानों जोधपुर, पाली, उदयपुर, जालौर, सिरोही, बीकानेर, बाडमेर, जैसलमेर, नागौर, अजमेर, के साथ-साथ, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मध्यप्रदेश व उतरप्रदेश में हर संभावित स्थानों पर करीब 17500 किलोमीटर पीछा किया गया मगर आरोपी हर्षदान आले दर्जे का शातिर एवं बदमाश हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस के भय व गिरफतारी के डर से छिपता फिर रहा था। फिर भी पुलिस टीमों द्वारा निरंतर प्रयास जारी रखे गये।

उपरोक्त प्रयासों के फलस्वरूप डीएसटी बालोतरा व साईकलोनर टीम जोधपुर द्वारा आपसी समन्वय बनाकर आसूचना संकलित कर अपनी सूझबूझ से घटना के आरोपी की तलाश जारी रखी। तलाश पतारसी के दौरान 05.02.2025 को तकनिकी एवं आसुचना की सहायता से डीएसटी बालोतरा को फरार वांछित आरोपी हर्षदान चारण के बारे में अहम सुराग लगे, जिसका लगातार पीछा करते हुए गुजरात के धराद जिले के वाव कस्बा से करीब 7-8 किलोमीटर दूर सातलपुर रोड पर बने अलखनो ओटलो नाम से स्थित धार्मिक स्थल जहां आने-जाने वाले पैदल तीर्थ यात्रियों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था होती है, उक्त स्थल पर होने की संभावना पर पुलिस अधीक्षक बालोतरा के नेतृत्व में डीएसटी बालोतरा द्वारा दबिश देकर फरार वांछित आरोपी हिस्ट्रीशीटर हर्षदान चारण पुत्र चन्द्रदान जाति चारण निवासी भाण्डियावास हाल महादेव कोलोनी, बालोतरा को दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। आरोपी से वारदात के संबंध में पुछताछ की गई तो आरोपी हर्षदान चारण ने बताया कि बाद वारदात अपने वाहन को छोडकर जोधपुर होते हुए बस से अहमदाबाद पहुंचा तथा अहमदाबाद से ट्रेन के जरिये हरिद्वार गया जहां कई दिनों तक मंदिरों में रहा। उसके बाद हरिद्वार से मथुरा, नंनदगांव, गौरी कुण्ड पर अलग-अलग मंदिर व मठों में रहा। उसके बाद प्रयागराज में कुंभ मेला में साधु-संतों के साथ टेंटों में रहकर अपनी फरारी काटी। उसके बाद वहां से रवाना होकर 2-3 दिन पहले ट्रन से गुजरात अहमदाबाद होते हुए धराद जिले के वाव कस्बा के पास अलखनों ओटलों धार्मिक स्थल पर आकर रहने लगा, जहां से डीएसटी बालोतरा टीम द्वारा दस्तयाब कर लिया। आरोपी हर्षदान चारण से प्रकरण में पुछताछ एवं अनुसंधान जारी है।

## सार-समाचार

### खुला बोरवेल मिलने पर कार्रवाई होगी

**जालोर, ( कासं )।** राज्य में खुले व परित्यक्त बोरवेल में बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राज्य स्तर पर हेल्पलाईन की स्थापना की गई है जिस पर आमजन अपने क्षेत्र व आस-पास में क्षेत्र में स्थित खुले बोरवेल/ट्यूबवेल या खुले कुंए के संबंध में सूचना दे सकते हैं। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने से बचाने तथा ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राजस्थान द्वारा दुर्घटनाओं पर रोक लगाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कार्यालयों को निर्देश दिए जाने के साथ ही राज्य स्तर पर हेल्पलाईन की स्थापना की गई है। आमजन अपने क्षेत्र या आस-पास किसी भी स्थल पर कोई खुला या परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबवेल एवं कुंआ दिखाई देने पर तुरन्त इन हेल्पलाईन नम्बरों पर सूचित कर सकते हैं तथा मौके के फोटोग्राफ्स मय स्थान का विवरण जैसे गांव, स्थान, तहसील, थाना क्षेत्र का नाम मय जिला अंकित करके सूचना भेज सकते है। उन्होंने जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों, विकास अधिकारियों व नगरीय निकायो के अधिकारियों को निर्देशित किया हैं कि वे अपने क्षेत्राधिकार में यदि किसी भी स्थल पर कोई खुला या परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबवेल व खुले कुंए हो, जिसकी वर्तमान में आवश्यकता नहीं होने पर उन्हें तुरन्त बंद करवाये जाने की ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### 7 महीने की बेटी के साथ छत से गिरा पिता

**पाली, ( नि.सं. )।** पाली में गुरुवार को 2 अलग-अलग घटना हादसों में छत से गिरकर तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। पहली घटना पाली शहर के निकट बूसी गांव में सुबह करीब 9 बजे हुई। यहां 40 साल के मोहनलाल पुत्र पुकाराम अपनी 7 माह की बेटी अक्षिता के साथ छत पर धूप सेक रहे थे। इस दौरान पैर फिसलने से वे अपनी 7 माह की बेटी के साथ पहली मंजिल की छत से नीचे गिरकर घायल हो गए। दोनों पिता पुत्री को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां दोनों का उपचार जारी है। हादसे में मोहनलाल के कमर और पैर फेक्चर हो गए। वही 7 माह की बच्ची के सिर ने चोट लगी। दोनों पिता-पुत्री के उपचार जारी है। वहीं पाली जिले के रोहट में गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे छत पर पतंग उड़ाते समय 10 साल का दिलीप पुत्र बुधाराम घायल हो गया। घायल की मां नारंगी ने बताया कि वह घर में काम कर रही थी और उनका बेटा दिलीप पतंग उड़ाते समय नीचे गिरकर घायल हो गया।

### महिला झुलसी, बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती

**पाली, ( नि.सं. )।** पाली में एक 60 साल की महिला गुरुवार को झुलस गई। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। हादसे में महिला के पैर और कमर का कुछ हिस्सा झुलस गया। घटना गुरुवार सुबह करीब 10 बजे पाली शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के रामनगर में हुई। जानकारी के अनुसार कन्या देवी (60) हमेशा की तरह तुलसी के पौधे के आगे दीपक जलाया। इस दौरान उसने किसी काम को लेकर अपनी बेटी नीता को आवाज लगाई। दीपक के पास खड़ी रहने के कारण महिला के कपड़ों में पीछे की तरफ आग लग गई। लेकिन कुछ समय तक उसे जानकारी नहीं हुई। जैसे ही महिला मकान के फर्स्ट फ्लोर तक पहुंची कपड़ों में आग तेज हो गई। यह देख उसकी बेटी ने तुरंत उनके कपड़ों में लगी आग पड़ोसियों की मदद से बुझाई और टैक्सी में डालकर हॉस्पिटल लेकर पहुंची। जहां महिला का उपचार शुरू किया गया। हादसे में महिला के पैर पीछे की तरफ से और कमर का हिस्सा जल गया। महिला दर्द से करार रही थी।

### चिकित्सा शिविर 16 को

**जालोर, ( कासं )।** क्लब जालोर के तत्वावधान में क्लब की स्थापना के 50 वें वर्ष को स्वर्ण जयंति वर्ष के रूप में मनाएं जाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष का यह तीसरा निःशुल्क नैत्र जाँच एवं मोतिया बिन्द ऑपरेशन शिविर 16 फरवरी को जैन दादावाडी जालोर में आयोजित होगा। निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन पूर्व प्रांतपाल लायन भंवरलाल चौपडा के सहयोग से श्री आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पीटल, ब्रह्मा कुमारी राजयोग केन्द्र एवं जिला अंधता निवारण समिति जालोर के सोजन्य से होने जा रहा है। जिन मरीजों को ऑपरेशन करवाना है तैयारी के साथ आने तथा अपना आधार कार्ड साथ लेकर आवे। मरीजों का मोतियाबिन्द का आपरेशन कर लैस प्रत्यारोपण निःशुल्क किया जायगा तथा दवाईयों, काला चश्मा तथा भोजन एवं आवास की व्यवस्था ग्लोबल अस्पताल जालोर मेंपूर्ण तथा निःशुल्क रहेंगी। उक्त शिविर का लाभ उठाकर आंखों की जांच एव ऑपरेशन निःशुल्क करवाने हेतु आम जन को प्रेरित करें।

### भागीरथ बिश्नोई का स्वागत किया

**धोरीमन्ना, ( कासं )।** धोरीमन्ना क्षेत्र में गुरुवार को को एसडीएम भागीरथ बिश्नोई के पदभार संभालने के बाद कृषि उपज मंडी के व्यापारियों ने स्वागत किया। धोरीमन्ना कृषि मंडी व्यापार संघ ने एसडीएम का साफा माला पहनाकर,व पट्टू ओढा कर स्वागत किया। इस दौरान धोरीमन्ना कृषि मंडी व्यापार संघ धोरीमन्ना के व्यापारियों ने एसडीएम को शुभकामनाएं दी। इस अवसर कृषि मंडी व्यापार संघ धोरीमना से महेन्द्र राठी, बाबूलाल मालू जगदीश बेनिवाल, गोतम सेङ्गिया, राकेश सेठिया, श्रवण चौधरी, सांवलाराम देवासी, सुजानाराम भादू, लालाराम चौधरी , धनराज सिडोलिया सहित कई जने मौजूद रहे।

### सूने मकान में चोरों ने लगाई सैंध

**जोधपुर, ( कासं )।** शहर के कुड़ी भगतासनी सेक्टर 8 में एक सूने मकान में चोरी हो गई। परिवार के लोग शादी समारोह में व्यस्त थे और घर सूना था। पड़ौसी ने गेट खुला होने की जानकारी दी। कुड़ी थाना पुलिस ने अब प्रकरण किया है। कुड़ी भगतासनी सेक्टर 8 जी 138 में रहने वाले विजय सिंह पुत्र हीरसिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका परिवार अपने अनुज की बेटी की शादी में 1 फरवरी को झालामंड नवदुर्गा कॉलोनी गए थे। इस बीच घर सूना था। 2 फरवरी को पड़ौसी ने मुख्य द्वार खुला होने की जानकारी दी। वापिस घर पहुंचा तो पता लगा कि चोरों ने सैंध लगाकर वहां से रात के करीब 12.30 से 1.40 बजे के मध्य घर में प्रवेश कर घर के सभी दरवाजों के तालें तथा घर में स्थित अलमारी का लॉक एवं लॉकर तोडक़र सोने के तीन तोला व चांदी के 60 ठाम आभूषण (सोने की अंगुठी, कान के बून्दें, चेन का लॉकेट, 7-8 नाक की फिणियां व चांदी के तीन पायजेब की जोडिय़ां सिक्के) एवं 60-70 हजार रूपये नकद चुराकर ले गए। घर और आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों में दो संदिग्ध युवक नजर आए है।

## छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी

**पाली**, (नि.सं.)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता पाली संयुक्त तत्वधान में राजकीय बागड़ महाविद्यालय पाली में गुरूवार को बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने एवं राजस्थान मरू उडान कार्यक्रम अन्तर्गत सत्रवार महिलाओं/ युवतियो को वाहन चालन कोर्स/ यातायात नियमों की जानकारी के साथ-सुरक्षित वाहन चालन की जानकारी एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यातायात पुलिस से सब इंस्पेक्टर हिंगलाज दान ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने सड़क सुरक्षा सप्ताह को सड़क सुरक्षा माह अभियान के रूप में मनाया जाता है। सडक दुर्घटनाओं को रोकने और सडक सुरक्षा में सुधार लाने के लिए चलाया जाने वाला अभियान है, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढाना, जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करना है सड़क दुर्घटना के मामले भारत में ज्यादातर सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग नहीं करने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने से सड़क दुर्घटना हो रहे है। आज के युवा देश का भविष्य है इसलिए आपकी सुरक्षा आप स्वयं को करनी होगी। इसके लिए सभी युवा साथियो को सर्वप्रथम लर्निग लाइसेंस बनवाना चाहिए बिना लाइसेंस के गाडी न चलाए आपकी एक लापरवाही आपके परिवार के लिए दुःख दे सकती है। इसी के साथ सड़क अभियान के तहत् सराहनीय योगदान देने वाले माय भारत के युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें हर्षिता, छगन, पन्नु, लक्ष्मी, दीपशिखा, संतोष, योगेश को सम्मानित किया गया।

जिला हब एम्पावरमेन्ट ऑफ वूमन से जेण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत् छात्राओं को राजकोप ऐप के बारे में बताते हुए अपने खिलाफ हो रही हिंसा के खलिाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना तथा शिक्षा सेतु योजना आदि के बारे में विस्तार से जाकारी दी।

डॉ. सुमन चौधरी ने एवं महामारी से संबंधित समस्याओं के निवारण के उपाय बताए । प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा सप्ताह 17 से 23 जनवरी 2025 के अंतर्गत सराहनीय योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्वमैत्री शेखावत ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ संगीता आर्य, मानवी शेखावत, छै प्रभारी मनीष, रश्मि त्रिवेदी, नेहरू युवा केन्द्र से भवर सिंह राजपुरोहित एवं 60 बालिकाए उपस्थित रही।

## जुआरियों की धरपकड़ की

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने माइनर एक्ट में जुआरियों की धरपकड़ की। उनके पास से हजारों में राशि बरामद की।

सदर कोतवाली एसआई पुखराज ने घंटाघर सब्जी मंडी में गुब्बाखाई कर रहे अब्दुल कयूम पुत्र मिजाज खान को पकड़ा और 7570 रूपये की राशि जब्त की। इसी तरह थाने के हैडकांस्टेबल शमशेर खान ने घंटाघर सब्जी मंडी में ही गुब्बाखाई कर रहे जसराज पुत्र शंकरलाल रामावत से 5480 रूपए जब्त किए। सदर बाजार थाने के एएसआई नेमीचंद ने बम्बा मौहल्ला दस टूटियों के पास गुब्बाखाई कर रहे आरिफ हुसैन पुत्र इकबाल हुसैन को गिरफ्तार कर 950 रूपए की राशि जब्त की। एएसआई कालूसिंह ने राजदादी अस्पताल के पीछे मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद अय्यूब से 980 रूपए जब्त किए। कुड़ी भगतासनी थाने के हैड कांस्टेबल महेन्द्र ने झालामंड चौराहा क्षेत्र मेंचैनाराम पुत्र किशनलाल प्रजापत से 11 सौ रूपए और हैडकांस्टेबल अरमोष सिंह ने सेक्टर 9 कुड़ी भगतासनी क्षेत्र में रूप सिंह पुत्र भंवर सिंह से 900 रूपए की राशि जब्त की। माता का थान थाने के हैड कांस्टेबल प्रकाशचन्द ने सारण नगर ब्रीज भवानी होटल के पास गुब्बाखाई कर रहे विकास पुत्र पन्नालाल 800 रूपए जब्त किए।

# जैनाचार्य ने रेल कर्मियों को दिए तनाव मुक्ति के टिप्स

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल पर गुरुवार को रेलवे स्टेडियम में स्ट्रेस मैनेजमेंट (तनाव मुक्त) शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन संरक्षा और सेफ्टी से जुड़े रेल कर्मियों लोको पायलेट्स, गुड्स गार्ड को तनाव मुक्त रहने के लिए रखा गया। कार्मिक अधिकारी इंचार्ज अभिषेक गांधी ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के निर्देशन में इस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो रेल कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर इसका लाभ लिया।

मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस शिविर में जैनाचार्य डॉ. अरविंद मुनि ने रेल कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान तनाव मुक्त रहने और स्वस्थ रहने के लिए कुछ उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से ध्यान और प्राणायाम करने से मानसिक शांति बनी रहती है और तनाव कम होता है। साथ ही, संतुलित आहार लेने, पर्याप्त नींद लेने और सकारात्मक सोच बनाए रखने पर भी जोर दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना और अपने कार्य को सेवा भाव से करना आवश्यक है। नियमित रूप से हल्का व्यायाम करने और समय-समय पर छोटे ब्रेक लेने से भी मानसिक और शारीरिक ताजगी बनी रहती है। जैनाचार्य डॉ मुनि द्वारा योगाभ्यास में लंबी सांस मुद्रा, ध्यान मुद्रा और हास्य मुद्रा योग से संबंधित योग रेल कर्मियों को करवाए, जिनमें सभी ने हास्य मुद्रा पर जोरदार हस कर मन को शांत किया। इस इस दौरान डीआरएम सिंह ने मुनि जैनाचार्य को सर्टिफिकेट प्रदान कर आशीर्वाद लिया।

इस शिविर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस आर बुनकर, मंडल कार्मिक अधिकारी इंचार्ज अभिषेक गांधी सहित रेल कमियों ने शिविर के दौरान किए गए योग पर अपने-अपने अनुभवों को साझा कर अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन के प्रति प्रोत्साहित किया।

कार्मिक अधिकारी नरेंद्र सिवासिया, कल्याण निरीक्षक रामेश्वर दास और कुंभाराम द्वारा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण सेफ्टी से जुड़े रेलकर्मी, यूनियन संगठन के पदाधिकारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अंजू पुरोहित ने किया।

## पी.एन.बी. का महालोन मेला

**जोधपुर**, (कासं)। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 7-8 फरवरी को गांधी मैदान, सरदारपुरा में कार्यालय समय में महालोन मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें बैंक की विभिन्न स्कीमों के तहत लोन प्रदान किए जाएंगे।

जोधपुर मंडल प्रमुख सुबोध कुमार ने बताया कि महालोन मेले में कारोबारी लोन के अलावा हाउसिंग लोन व सोलर लोन पर विशेष तौर पर ध्यान केन्द्रित रहेगा। जोधपुर के प्रतिष्ठित बिल्डरों के साथ-साथ सोलर प्लेटों के डीलर भी इस मेले में शामिल होंगे। होम लोन की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए वल्युएशन, लीगल सर्च व आर्किटेक्ट की सुविधा भी रहेगी।

इस लोन मेले में भारत सरकार की पीएम सूर्यघर योजना के लिए आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। आमजन को भरपूर फायदा होगा। इस मेले में आकर्षक ब्याज दर से लोगों को फायदा होगा। लोन योग्य ठाहकों को मेले में ही ऋण का सैद्धांतिक स्वीकृति पत्र दिया जाएगा।

## 9 ई-मित्र धारकों पर कार्रवाई

**जोधपुर**, (कासं)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के जोधपुर के विभागीय संयुक्त निदेशक महेंद्र चौधरी ने बताया कि माह दिसम्बर 2024 व जनवरी 2025 में आकस्मिक निरीक्षण कर 14 ई-मित्र धारकों के कार्यकलापों की जांच की गई। इनमें से 9 ई-मित्र धारकों के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई की गई।

## धरना आज

**जालोर**, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ जालोर की ओर से कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर प्रदेश की आव्हान पर 7 फरवरी को जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष विशाल धरना एवं प्रदर्शन कर राज्य सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा।

महासंघ के जिला संयोजक किशन लाल सारण ने जानकारी दी।

## मरू महोत्सव के कार्यक्रम की तैयारी की

**पोकरण**, (निसं)। देश-दुनिया में मशहूर ख्याति प्राप्त मरू महोत्सव जैसलमेर का भव्य एवं शानदार आयोजन जिले का प्रवेश द्वार परमाणु नगरी में 9 फरवरी को पालिका प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। उसको लेकर उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में प्रशासनिक स्तर पर बैठक रखी गई। सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल मरूमहोत्सव कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया, वही मरू महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होगी, उसके लिए आवेदन पत्र 7 फरवरी, तक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पोकरण समय में प्राप्त किए जा सकते है।

उपखंड अधिकारी प्रभोतसिंह गिल ने मरू महोत्सव कार्यक्रम को लेकर के जानकारी देते हुए बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा टेंट ,बिजली, साउंड, नाश्ता,भोजन, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह,साफा,गाडी,घोडा,डीजे,स्थानीय कलाकारों का खर्च सहित अन्य संसाधन पालिका के खर्चे पर जिस पर लगभग 30 लाख रुपए तक खर्च आ सकता है।

वही जलदाय विभाग, द्वारा जगह-जगह पर पाइपलाइन लीकेज को ठीक करना एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग टूटी हुई सडकों पर कारी करना, आंगनबाडी केंद्र द्वारा अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी कार्यक्रम में बढाना, मरू महोत्सव कार्यक्रम के दौरान नाइट का खर्चा पर्यटन विभाग द्वारा बाहर से आने वाले कलाकारों पर उठाया जाएगा। महोत्सव के दौरान मरूश्री, मिस मूमल, साफा बांध, मूमल-महिन्द्रा, मूंछ प्रतियोगिता के साथ ही शान-ए-मरूधरा, पणिहारी मटका रेस अन्य कई कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित होगी, जिसके लिए आवेदन पत्र आमंत्रित कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के फार्म भरकर कार्याल में जमा करवाने की अंतिम तिथि 7 फरवरी को सांय तक रखी गई है।

उन्होंने बताया कि इसके पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से आवहान किया है कि वे निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र भरकर पर्यटक स्वागत केन्द्र जैसलमेर कार्यालय में जमा करावे।

# एल.एन. मंत्री ने जनसनुवाई की, सरकारी कार्यों का निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आज ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई महीने के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री ने आज गुरूवार को देसूरी उपखण्ड के घाणेराव ग्राम पंचायत पहुंचे।

जिला कलैक्टर मंत्री ने वहां बारी बारी से आमजन की समस्याओं को सुना। उन्होंने समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के प्रकरणों जिनमें पानी, बिजली, सडक, राजस्व ,पंचायतीराज से संबधित प्रकरणों की सुनवाई की उन्होंने कुल 42 प्रकरणों की सुनवाई की और 8 का हाथों हाथ निस्तारण किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी। इस अवसर पर एडीएम बाली शैलेन्द्र सिंह ,तहसीलदार हरेन्द्र सिंह , विकास अधिकारी आदि संबधित कार्मिक मौजूद रहे।

जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने वहां सभी उपखण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली लेकर आमजन की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण व सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाने के निर्देश दिये। साथ ही वहां विभागीय कार्या और योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर एडीएम बाली शैलेन्द्र सिंह , तहसीलदार हरेन्द्र सिंह , विकास अधिकारी आदि संबधित कार्मिक मौजूद रहे।


पाली कलैक्टर एल.एन. मंत्री ने देसूरी उपखण्ड के घाणेराव में कार्यों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जनसुनवाई के पश्चात जिला कलक्टर घाणेराव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां अस्पताल का निरीक्षण कर वहां भर्ती मरीजों के हालचाल जानकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलक्टर मंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे जहां पर वे विद्यालय की व्यवस्था को देखते हुए विद्यार्थियों से रूबरू हुए एवं विद्यार्थियों का व्यवहारिक ज्ञान व बौद्धिक स्तर जानने का प्रयास किया तथा बच्चों से रोचक सवाल-जबाव कर अपने चारों ओर चल रही गतिविधियों को समझते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कडी मेहनत के दम पर सफल होने के लिए कहा और उनका उत्साहवर्धन किया। जिला कलक्टर को अपने बीच पाकर बच्चे प्रफुलित हुये।

नारलाई में किसान रजिस्ट्री शिविर का अवलोकन किया उन्होंने सभी किसानों को एठीस्टेक योजना के तहत अपना पंजीयन अवश्यक करवाने पर बल दिया। उन्होंने किसान रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर, शिविर में विभिन्न विभागों की व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं काश्तकार मांगीलाल को फॉर्मर एनरोलमेंट आई डी प्रदान की। वहां मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस दौरान तहसीलदार हरेंद्रसिंह,पीएसओ जसवंत सिंह भाटी, नायब तहसीलदार गिरिराज सिंह, चन्द्रप्रकाश सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## विश्व कैंसर दिवस सप्ताह के कार्यक्रम जारी

**पाली**, (नि.सं.)। चिकित्सा विभाग की ओर से विश्व कैंसर दिवस सप्ताह के दौरान चिकित्सा संस्थानों में लोगों के मुख की स्क्रीनिंग कर लोगों को कैंसर के बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि कैंसर रोग के बचाव के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल 4 फरवरी को यह दिवस मनाया जाता है तथा इस वर्ष की थीम यूनाईटेड बाय यूनिक 2025-27 पर विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी, यूपीएचसी, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) में एनसीडी स्क्रीनिंग एवं जागरुकता कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी तक सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मरीजो की ओरल स्क्रिनिंग की जा रही है। साथ ही गुटका, तंबाकू बीडी, हुक्का इत्यादि से होने वाले कैंसर से बचाव के लिए सावधानियों के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही तंबाकू गुटका छुड़ाने के लिए निकोटिन की गोलियां भी दी जा रही है। बांगड़ अस्पताल में डॉ अनिरुद्ध शर्मा, डॉ आनंदसिंह राठौड़, डॉ रामनिवास कुमावत, डॉ टाइनी जैन, गुलशन कुमार आदि द्वारा लोगों की स्क्रीनिंग कर लोगों को मुख कैंसर के बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है।